सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल 07 जून, 2024

शुक्रवार को राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा आयोजित 19वां ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट'' शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने टी–ऑफ (Tea Off) कर टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में इस वर्ष 121 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन आज 55 गोल्फर खेले जिनमें 06 महिलाएं, 37 सामान्य वर्ग, 04 सुपर वेटरन, एवं 08 जूनियर गोल्फर शामिल थे। राज्यपाल ने देश के अलग–अलग हिस्सों से आए गोल्फरों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अपने आप में अलग है देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता यहां के पर्यटन स्थलों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश एवं विदेश से यहां गोल्फर आएं और यहां खेलने के साथ–साथ यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ लें। उन्होंने कहा कि 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट की सफलता के बाद इस वर्ष भी यह टूर्नामेंट अधिक सफल रहने की उम्मीद है।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन, नैनीताल सहित सम्पूर्ण उत्तराखण्ड की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पर्यटक स्थल के रूप में पहचान स्थापित करने में मददगार होगा। राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट में 07 वर्ष के बच्चे और 75 वर्ष से ऊपर तक के सुपर वेटरन खेल रहे हैं जिससे टूर्नामेंट की रोचकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 11 महिलाएं भी इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं जो खुशी की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे।

शुभारंभ के अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र रावत, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, एसएसपी पी. एन. मीणा, परिसहाय श्री राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, गोल्फ कैप्टन कर्नल(रि.) विवेक भट्ट सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, इस टूर्नामेंट के प्रायोजक, सहप्रायोजक संस्थानों के प्रतिनिधि और गोल्फर्स उपस्थित रहे।

............0............